## संपादकीय

# चूक या लापरवाही

निस्संदेह, यह गंभीर चिंता की बात ही कही जायेगी कि कार्यपालिका के शीर्ष व्यक्ति का काफिला बीस मिनट तक एक ओवरब्रिज पर बंधक जैसी स्थिति में खड़ा रहे। इसे सिर्फ चूक नहीं बल्कि गंभीर लापरवाही ही कहा जायेगा कि लगातार भारत विरोधी गतिविधियों में दशकों से लिप्त रहने वाले देश की सीमा से कुछ किलोमीटर दूरी पर प्रधानमंत्री का काफिला असहाय जैसी स्थिति में नजर आये। साथ ही वे पूर्व निर्धारित रैली में भाग लिये बिना वापस लौट जायें। निस्संदेह, बुधवार को बठिंडा से राष्ट्रीय शहीद स्मारक के लिये निकले प्रधानमंत्री के काफिले के रूट की जानकारी पंजाब सरकार व पुलिस को रही होगी। बताया जाता है कि बारिश व कम दृश्यता के चलते प्रधानमंत्री ने सड़क मार्ग से जाने का फैसला लिया था। सवाल यह कि जब विरोध करने वाले किसान इतने कम समय में विरोध के लिये जुट सकते हैं तो पुलिस इस बाबत जानकारी क्यों नहीं जुटा पायी। फिर जानकारी प्रधानमंत्री के काफिले के सुरक्षा अधिकारियों को क्यों नहीं दी गई। राजनीतिक विरोध अपनी जगह होता है लेकिन देश के शीर्ष नेतृत्व की सुरक्षा से कदापि समझौता नहीं किया जा सकता। खासकर पंजाब जैसे राज्य में जहां विगत में अशांति का लंबा दौर चला हो, वहां देश के विशिष्ट लोगों की सुरक्षा में कतई कोताही नहीं बरती जा सकती। एक साल चले किसान आंदोलन में किसानों ने संयम व शांतिपूर्ण व्यवहार का ही प्रदर्शन किया। कमोबेश उनकी सभी मांगें मान भी ली गईं, फिर इस तरह से प्रधानमंत्री का रास्ता रोकना गरिमामय व तार्किक नहीं लगता। मामले में गृह मंत्रालय ने भी रिपोर्ट मांगी है और जवाबदेही तय करने की बात कही है। जैसा कि तय था, इस मुद्दे पर राजनीति होनी ही थी। जहां इस मुद्दे पर भाजपा आक्रामक नजर आ रही है और राज्य की कांग्रेस सरकार को कठघरे में खड़ा कर रही है वहीं कांग्रेस फिरोजपुर रैली में भीड़ न जुटने की बात कहकर प्रधानमंत्री के वापस लौटने की बात कर रही है।

एक ओर जहां पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह पंजाब की कांग्रेस सरकार को चूक का दोषी बताते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन की मांग कर रहे हैं, वहीं कुछ कांग्रेसी नेता भी घटना को गलत मान रहे हैं। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुनील जाखड़ ने बुधवार की घटना को पंजाबियत के खिलाफ बताया। कहा कि यदि प्रधानमंत्री राजनीतिक रैली को संबोधित करने वाले थे तो सुरक्षित रास्ता सुनिश्चित किया जाना चाहिए था। यही लोकतांत्रिक परंपरा की दरकार भी है। निस्संदेह इस चूक के कारणों की पड़ताल होनी चाहिए। विगत में हमने ऐसी चूक के चलते एक प्रधानमंत्री व एक पूर्व प्रधानमंत्री को खोया है। ऐसे में एक राज्य जहां पड़ोसी देश की विध्वंसक गतिविधियां लगातार चलती रहती हैं, वहां हमें विशिष्ट व्यक्ति यों की सुरक्षा को लेकर कोई समझौता नहीं करना चाहिए। निस्संदेह, घटनाक्रम का सच सामने आना ही चाहिए। उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की और पंजाब दौरे के दौरान सुरक्षा चूक के बाबत जानकारी दी। राष्ट्रपति ने भी गंभीर चूक पर चिंता जतायी। साथ ही उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करके मामले में फिक्र का जिक्र किया। इससे पहले प्रधानमंत्री भी कह चुके हैं कि कैसे पंजाब पुलिस व खुफिया विभाग को उस रास्ते की स्थिति की जानकारी नहीं थी, जिससे काफिला गुजरना था। अगर किसान धरना दे रहे थे तो उन्हें हटाया क्यों नहीं गया। साथ ही काफिले के सुरक्षा अधिकारियों को इसकी जानकारी क्यों नहीं दी गई। सवाल यह भी कि काफिले का मार्ग बदलने की सूचना तत्काल आंदोलनकारियों को कैसे मिली। इतनी जल्दी वे इतनी बड़ी तादाद में कैसे एकत्र हो गये। वहीं सुरक्षा जानकार भी मान रहे हैं कि पाकिस्तान बॉर्डर से कुछ किलोमीटर की दूरी पर प्रधानमंत्री का एक जगह पंद्रह-बीस मिनट फंसे रहना खतरनाक हो सकता था। निस्संदेह, प्रधानमंत्री की सुरक्षा की जिम्मेदारी एसपीजी की होती है, लेकिन पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की भी बनती है। वैसे भी सुरक्षा कारणों से विशिष्ट लोगों के रूट तो अचानक बदले भी जाते हैं और तत्काल सुरक्षा की तैयारी भी की जाती है।

# एजिलिटी वेंचर्स की क्रिप्टो स्टार्टअप पर नजर, 450 करोड़ रुपये के फंड के लिए सेबी की मंजूरी

**नई दिल्ली**। एंजेल निवेशक नेटवर्क एजिलिटी वेंचर्स की 450 करोड़ रुपये का फंड लॉन्च करेगा तथा उसकी इस साल 50 से अधिक स्टार्टअप में 75 करोड़ रुपये निवेश करने की योजना है।

एजिलिटी वेंचर्स के सह-संस्थापक ध्यानू दास ने आज कहा, इस साल हमारी योजना स्टार्टअप में निवेश करने की है और एंजेल फंड हमें उस लक्ष्य तक पहुंचने में मदद करेगा। हमें बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से आवश्यक अनुमोदन प्राप्त हुआ है।



हाल के महीने में, एंजेल निवेशक नेटवर्क के एक समूह ने वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) शुरू करने के लिए सेबी को आवेदन किया है। एजिलिटी वेंचर्स नेटवर्क शिक्षा, प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, ई-कॉमर्स, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक वाहन और रोबोटिक्स जैसे क्षेत्रों में शुरुआती चरण के व्यवसायों में निवेश कर रहा है। इसने अब फिनटेक, साइबर सुरक्षा और क्रिप्टो जैसे उभरते क्षेत्रों के स्टार्टअप पर ध्यान केंद्रित किया है।

श्री दास ने यहां एक बयान में कहा, फंड लॉन्च करने के लिए सेबी की मंजूरी सिर्फ उसी तरह की शुरुआत है जिसकी हम इस नए साल में तलाश कर रहे थे। पिछले साल फ्लुइड वेंचर्स (एक डी2सी केंद्रित सेबी-पंजीकृत श्रेणी -1 वीसी फंड) लॉन्च करने के बाद, 2022 के लिए हमारी योजनाओं को लागू करने के लिए यह जरूरी है।

एजिलिटी वेंचर्स के सह संस्थापक प्रशांत नारंग ने कहा, सेबी द्वारा स्वीकृत एंजेल फंड के प्रकार को बढ़ाने के बारे में दिलचस्प बात यह है कि यह सेक्टर खुद को सह-निवेश तक सीमित नहीं करता है। यह मॉडल एंजेल नेटवर्क की मूल शैली को बदले बिना वित्तपोषण प्रक्रिया को सरल बनाता है।




## जीएसटी फर्जीवाडे में मुंबई के दो व्यवसायी गिरफ्तार

**मुंबई।** केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) के अधिकारियों ने फर्जी इन्पुट टैक्स क्रेडिट(आईटीसी) का दावा करने वाले एक नेटवर्क का भंडाफोड़ कर दो व्यवसायियों को गिरफ्तार किया है।

सीजीएसटी के मुताबिक इस कार्रवाई में ऐसे सबूत हाथ लगे हैं जिससे पता चलता है कि नेटवर्क ने 385 करोड़ रुपये के फर्जी बिल और पर्चियां जारी कर 70 करोड़ रुपये के आईटीसी का दावा किया है। गिरफ्तार व्यवसायियों को 14 दिन के न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## रेलवे के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल आयोजनों में देश को किया गौरवान्वित

**नई दिल्ली** । भारतीय रेलवे के लिए वर्ष 2021 खेल उपलब्धियों के लिहाज से बेहद यादगार रहा। कई खिलाड़ियों ने विभिन्न राष्ट्रीय और वैश्विक खेल आयोजनों में भारत को गौरवान्वित किया। इनमें से अधिकतर उत्तर रेलवे के कर्मचारी हैं।

रेल मंत्रालय ने अपनी 2021 की उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया कि उत्तर रेलवे के 11 खिलाड़ी और कोच टोक्यो 2020 ओलंपिक के लिए भारतीय टीम में शामिल थे। ओलंपिक में कुश्ती स्पर्धा में रवि कुमार दहिया ने रजत पदक और बजरंग पुनिया ने कांस्य पदक जीता, वहीं भारोत्तोलन में मीराबाई चानू को रजत पदक जिताने वाले कोच विजय शर्मा को रेलवे में ओएसडी के रूप में पदोन्नत भी किया गया। खिलाड़ियों की उपलब्धियों को देखते हुए रेलवे ने खेल के क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान दिया और हाल ही में दिल्ली के किशनगंज में फिर से एक भारतीय रेलवे कुश्ती अकादमी खोली गई जो कई प्रसिद्ध पहलवानों का उद्गम स्थल रही है।

## नवीन एक्सप्रेस का लगातार सातवां सुपर-10, दिल्ली ने यूपी को हराया

**बेंगलुरू।** नवीन एक्सप्रेस पहले हाफ में सिर्फ तीन अंक ले सके थे लेकिन दूसरे हाफ में उन्होंने आग उलगते हुए 14 अंक लेकर वीवो प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आठवें सीजन के 40वें मुकाबले में यूपी योद्धा के खिलाफ अपनी टीम दबंग दिल्ली केसी को 37-33 की रोमांचक जीत दिला दी।



यह मुकाबला प्रदीप नरवाल बनाम नवीन भी था। पहले हाफ में प्रदीप का जलवा रहा लेकिन दूसरे हाफ में वह सिर्फ दो अंक ले सके। इसके उलट नवीन ने विजय मलिक (7) के साथ मिलकर अपनी टीम को जीत दिलाने वाला प्रदर्शन किया। डिफेंस में मंजीत चिल्लर ने चार अंक लिए। परदीप के नाम नौ अंक रहे जबकि सुरेंदर गिल ने भी यूपी के लिए नौ अंक लिए।

दोनों का यह सातवां मुकाबला था। अब तक के सफर में दोनों के बीच बड़ा अंतर है। दिल्ली ने सात में से पांच मैच जीते हैं जबकि दो टाई रहे हैं। दिल्ली इस जीत के साथ टाप पर पहुंच गए हैं। यूपी को प्रदीप जैसे योद्धा के रहते हुए अब तक सिर्फ एक मैच में जीत मिली है। उसे चार में हार मिली है जबकि दो मुकाबले टाई रहे हैं।

पहले हाफ की समाप्ति तक यूपी को 18-13 की लीड मिली हुई थी। इसका कारण यह था कि दिल्ली के सुपरस्टार नवीन अंकों के लिए संघर्ष करते आए जबकि यूपी के जबरदस्त योद्धा प्रदीप नरवाल ने खुलकर अंक बटोरे। यही नहीं, यूपी के डिफेंस ने अपने कोच की रणनीति पर चलते हुए नवीन को पांच बार लपका।

साथ ही यूपी ने दिल्ली को आलआउट भी किया। पहले हाफ में प्रदीप ने जहां 13 रेड्स में सात अंक बटोरे वहीं इस सीजन में अब तक 6 सुपर-10 लगा चुके नवीन 10 रेड्स के बाद सिर्फ तीन अंक अपने नाम कर सके। नवीन के नाम पांच असफल और तीन खाली रेड्स रहे।

रेड में दिल्ली ने विजय (6 अंक) की बदौलत यूपी की तुलना में अधिक अंक बटोरे लेकिन शुरुआती लम्हों में अपने अनुभवी डिफेंडरों की गलती के कारण वह सिर्फ तीन टैकल प्वाइंट ले पाए। जवाब में यूपी ने सात टैकल प्वाइंट्स लिए, जिसमें पांच सिर्फ नवीन को आउट करके आए।

## रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर उर्जित पटेल को एआईआईबी की मिली बड़ी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर उर्जित पटेल को बीजिंग स्थित बहुपक्षीय वित्तपोषण संस्थान एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआईआईबी) का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

भारत एआईआईबी के संस्थापक सदस्यों में से है। बैंक में चीन के बाद भारत का सबसे अधिक वोटिंग हिस्सा है। बैंक के प्रमुख चीन के पूर्व उप-वित्त मंत्री जिन लिक्यून हैं। पटेल (58) का कार्यकाल तीन साल का होगा। वह एआईआईबी के पांच में से एक उपाध्यक्ष होंगे। उनके अगले महीने पदभार संभालने की उम्मीद है।

एआईआईबी के सूत्रों ने बताया कि वह डी जे पांडियन का स्थान लेंगे। पांडियन दक्षिण एशिया में एआईआईबी के सॉवरेन और गैर-सॉवरेन वित्तपोषण के प्रमुख हैं। पांडियन इस महीने भारत लौटेंगे। वह पूर्व में गुजरात के मुख्य सचिव भी रहे हैं।

पटेल ने पांच सितंबर, 2016 को रिजर्व बैंक के 24वें गवर्नर का पद संभाला था। उन्होंने रघुराम राजन का स्थान लिया था। पटेल ने दिसंबर, 2018 में व्यक्तिगत कारणों से गवर्नर पद से इस्तीफा दे दिया था। गवर्नर बनने से पहले वह केंद्रीय बैंक के डिप्टी-गवर्नर थे और उनके पास मौद्रिक नीति विभाग का प्रभार था। पटेल पूर्व में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ), बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप और रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ भी काम कर चुके हैं।

## इंडिया ओपन के लिए विदेशी खिलाड़ियों का आगमन शुरू, इंग्लैंड कोविड के कारण हटा

**नई दिल्ली** । बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) द्वारा आयोजित योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन 2022 इस महीने 11 जनवरी से शुरू हो रहा है। यह प्रतियोगिता 16 जनवरी तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में खेली जाएगी। टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए खिलाड़ी नई दिल्ली पहुंचने लगे हैं। कोरोना के मद्देनजर दुनिया के टॉप-25 में आने वाले विदेशी खिलाड़ियों के साथ-साथ भारतीय खिलाड़ी भी एक ही होटल में ठहरेंगे। हालांकि इंग्लैंड कोविड -19 के चलते दो दिन पहले ही टूर्नामेंट से हट गया है।

सभी खिलाड़ी प्रोटोकॉल के अनुसार दिल्ली आगमन से ही जरूरी सावधानी बरतेंगे। होटल में प्रतिदिन उनका परीक्षण किया जाएगा। उनको शटल बसों की माध्यम से स्टेडियम लाया जाएगा और मैच खेलने के बाद इन्ही बसों से वापस होटल में भेज दिया जाएगा।बीएआई ने ट्वीट कर कहा ,इंग्लैंड की टीम दो दिन पहले ही टूर्नामेंट से हट गयी थी और उसके खिलाड़ी यहां भारत में नहीं हैं।

सभी खिलाड़ियों के साथ-साथ टूर्नामेंट में शामिल होने वाले मैच अधिकारी, बीडब्ल्यूएफ और बीएआई के अधिकारी, सहयोगी स्टाफ, वेंडर और अन्य शामिल लोगों को स्टेडियम के बाहर हर दिन एक अनिवार्य कोविड परीक्षण से गुजरना होगा और नकारात्मक परीक्षण के बाद ही उन्हें अंदर जाने दिया जाएगा।

अधिकारी ने कहा कि बीएआई खिलाड़ियों के साथ-साथ प्रतियोगिता में शामिल अन्य लोगों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा और सरकार द्वारा जारी किए गए सभी कोविड-19 दिशानिर्देशों का पालन करेगा। मीडिया और दर्शकों को कार्यक्रम स्थल के अंदर जाने की अनुमति नहीं होगी।

## आलिया भट्ट ने सात साल पहले ही साइन कर ली थी ब्रह्मास्त्र

निर्माता करण जौहर पिछले काफी समय से फिल्म ब्रह्मास्त्र को लेकर सुर्खियों में है। आए दिन फिल्म से जुड़ी नई जानकारी सामने आ रही है। हाल ही में करण ने बताया कि आलिया भट्ट ने सात साल पहले यह फिल्म साइन कर ली थी। वह तभी से इस प्रोजेक्ट की तैयारी में लगी हैं। आलिया और रणबीर कपूर ने फिल्म में खुद को पूरी तरह से झोंक दिया है।



करण ने कहा, रणबीर ने ब्रह्मास्त्र को सात साल दिए हैं। आलिया ने भी बिना किसी सवाल और शिकायत किए सात साल मेरी इस फिल्म को दिए। सरकारें बदल गई, लेकिन ब्रह्मास्त्र का काम जारी रहा। आलिया तो इस फिल्म के साथ ही बड़ी हुई हैं। उन्होंन कहा, जब आलिया ने यह फिल्म साइन की थी तो वह 21 साल की थीं। अब वह 28 साल की हैं और जब फिल्म रिलीज होगी तो वह 29 साल की होंगी। करण ने आलिया को फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से बॉलीवुड में लॉन्च किया था। इसके बाद भी वह 2 स्टेट्स, हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया, कपूर एंड सन्स, बद्रीनाथ की दुल्हनिया, राजी और कलंक जैसी कई फिल्मों में करण के साथ काम कर चुकी हैं। करण ने कहा, आलिया और रणबीर ने इस फिल्म में अपने किरदार के साथ इंसाफ करने के लिए जी-तोड़ मेहनत की है। पिछले सात सालों में दोनों का समर्पण और जुनून देखने लायक था।

## टेलीविजन डेब्यू को लेकर जिमी शेरगिल ने की बात

अभिनेता जिमी शेरगिल ने अपने टेलीविजन डेब्यू के बारे में चल रही खबरों के बारे में बात करते हुए कहा कि अभी कुछ भी बताना जल्दबाजी होगी क्योंकि उनकी ओर से कुछ भी फाइनल नहीं किया गया है। सूत्रों के अनुसार, उड़ारियां के निर्माता, सरगुन मेहता और रवि दुबे एक नए शो के साथ आने के लिए तैयार हैं, जिसका शीर्षक स्वर्ण मंदिर है, जो एक पारिवारिक ड्रामा है। यह एक ऐसे जोड़े के बारे में है, जिन्हें उनके बच्चों ने बुढ़ापे में अकेला छोड़



दिया है। निर्माताओं ने मुख्य भूमिका निभाने के लिए जाने-माने अभिनेता अमन वर्मा और बाद में जिमी से शो के लिए संपर्क किया है। लेकिन जिमी ने कोई कॉन्ट्रैक्ट साइन नहीं किया है और न ही अमन ने शो के लिए हां कहा है। जिमी ने बताया कि सरगुन और रवि ने सिर्फ आइडिया सुनाया है। उन्होंने कहा कि मैंने कई साल पहले सरगुन के साथ एक पंजाबी फिल्म जिंदुआ की है, इसलिए मैं उन दोनों को काफी लंबे समय से जानता हूं।

## आज का राशिफल

मेष : कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। सामाजिक संबंधों में सन्तुलित व्यवहार व वाक्यपटुता आपके गरिमा में वृद्धि करेगा।

बृषभ : भावनावों से उद्वेलित आपका मन निकटस्थ संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिन्तित होगा। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती है।

मिथुन : कुछ प्रबल भौतिक इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी। किसी पुराने संबंध में बिशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

कर्क : भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी होंगी। भावना प्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाती है, लेकिन रह-रहकर रोजगार के क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती नजर आएंगी।

सिंह : नये दायित्वों की पूर्ति हेतु परिश्रम तीव्र होगा। शासन-सत्ता से जुड़े व्यक्ति यों के लिए लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

कन्या : भविष्य संबंधी चिन्ताएं मन में नकारा क विचार ला सकतीं है। भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का ऐहसास करेंगी।

तुला : पूर्वाग्रहवश मन में संबंधों के प्रति नकारात्मकता को न पालें। शिक्षा-प्रतियोगिता में समुचित परिणम का लाभ प्राप्त होगा।

वृश्चिक : व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती है। सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। सुन्दर भावनात्मक अभिव्यक्ति संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

धनु : अच्छी योजनाओं द्वारा महत्वपूर्ण कायरे को समयानुकूल व सकुशल पूर्ण करने में सक्षम होंगे। शासन-सत्ता के दिशा में केन्द्रित व्यक्ति यों के लिए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

मकर : कुछ बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता ला सकता है। पिता के सहयोग से मुश्किल भरे दिनों में राहत मिलेगी।

कुंभ : भावनाओं पर नियन्त्रणकर दायित्वों के प्रति सजग होना, आपके प्रगति का सूचक है। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिन्तित होगा।

मीन : कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन हेतु व्यय के आसार है। उच्छृंखलता व व्यग्रता महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा होगा।

## बनाएं पत्तागोभी सूप

आज दिन है पत्तागोभी के साथ अलग-अलग रेसिपीज़ ट्राय करने का। सलाद से लेकर सब्जी के अलावा और भी कई तरीकों से इसे खानपान में कर सकते हैं इस्तेमाल, तो आइए जानते हैं इसकी एक टेस्टी रेसिपी।



### सामग्री :

पत्तागोभी- 2 कप बारीक कटी हुई, गाजर- 1 कटा हुआ, हरा प्याज- 1/4 कप कटा हुआ, हरी मिर्च- 1 कटी हुई, लहसुन- 4-5 बारीक कटी, शिमला मिर्च- 1/2 कटी हुई, विनेगर-1 छोटी चम्मच, अदरक- 1 इंच बारीक कटी हुई, काली मिर्च पाउडर- 1/2 छोटी चम्मच, बारीक कटी हरी धनिया- 2 बड़े चम्मच, तेल- 2 बड़े चम्मच, नमक- स्वादानुसार, पानी- आवश्यकतानुसार

### विधि :

एक नॉन-स्टिक पैन में तेल डालें और गर्म होने पर उसमें लहसुन, अदरक, हरी मिर्च डालकर सुनहरा होने तक भूनें।

इसके बाद इसमें गाजर, शिमला मिर्च, पत्तागोभी, हरा प्याज डालकर एक से दो मिनट के लिए भूनें।

अब आवश्यकतानुसार पानी डालकर 4 मिनट के लिए ढककर पकाएं।

एक कटोरी में कॉर्नफ्लोर और पानी मिलाकर घोल तैयार कर लें। अब इसे सूप में डालकर उसे गाढ़ा होने तक और पका लें।

सबसे बाद में काली मिर्च पाउडर और विनेगर डालकर एक मिनट और पकाना है। गैस बंद कर गार्निशिंग के लिए हरा धनिया और हरा प्याज डालें।

तैयार है सूप।


## शब्द सामर्थ्य- 315

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 314 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | ■ |
| प | ■ | ति | ■ | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| र | ह | मा | न | ■ | ■ | ■ | ■ | आ |
| वा | ■ | ■ | मि | थु | न | ■ | दा | स |
| ह | वा | ला | त | ■ | सी | ता | ■ | पा |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | ■ | म | ■ | त | ■ | ■ |
| ला | ■ | बे | च | ना | ■ | व | च | न |
| द | ह | ला | ■ | ना | ग | र | ■ | दी |

## सू-दोकू- 315

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.314 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |